# मेला व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं रोका तो सामूहिक आत्मदाह करेंगे मेला व्यापारी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 सितम्बर.** मेला दुकानों के किराए में जबरदस्त बढ़ोत्तरी, ईटेंडर के जरिए दुकानों की नीलामी, ऑनलाईन प्रक्रिया की विसंगतियों एवं मेला की कीमती जमीन को खुर्दबुर्द करने की साजिश जैसे तमाम गंभीर मुद्दों

**मेला व्यापारी संघ ने सिंधिया और सीएम से हस्तक्षेप की लगाई मार्मिक गुहार**

को लेकर ग्वालियर व्यापार मेला के दुकानदारों का आक्रोष थमने का नाम नहीं ले रहा है। मेला व्यापारियों ने मेला प्राधिकरण, प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अनदेखी भरे रवैए पर गहन नाराजगी जताते हुए आगाह किया कि मेला प्राधिकरण बेरोजगारी और निरंतर उपेक्षा से त्रस्त आ चुके हैं

व्यापार मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र भदकारिया, सचिव महेश मुदगल, संयोजक उमेश उप्पल, संयुक्त अध्यक्ष एवं प्रवक्ता अनिल पुनियानी, सह संयुक्त अध्यक्ष जगदीश उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष अनुज गुर्जर हरिकांत समाधिया ने आज एक वक्तव्य में आग्रह किया कि केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ग्वालियर व्यापार मेला में चल रहे इस घल्लूघारा को रोकने के लिए हस्तक्षेप कर मेला व्यापारियों को ताजा पैदा हो रहे संकटों से उबारना चाहिए। उन्होंने कहा कि सब तरफ से नाउम्मीद हो चुके मेला व्यापारियों को अब सिर्फ सिंधिया और सीएम से ही आशा है।



व्यापार मेला व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने उक्त संबंध में केंद्रीय मंत्री सिंधिया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मेला प्राधिकरण के पदेन अध्यक्ष प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप को पत्र लिखकर ग्वालियर मेला से संबंधित सभी विषयों को अपने हाथ में लेकर राहतपूर्ण निराकरण का आग्रह किया है।

मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र भदकारिया एवं संयुक्त अध्यक्ष व प्रवक्ता अनिल पुनियानी ने ऐलान किया है कि मेला व्यापारियों की सुनवाई नहीं हुई तो सभी मेला व्यापारी मेला प्राधिकरण के दफ्तर के बाहर सामूहिक आत्मदाह करने के लिए मजबूर होंगे। अब यह मेला प्राधिकरण को तय करना है कि वह अपनी हिटलरशाही को जारी रखते हुए मेला व्यापारियों को आत्मदाह के लिए मजबूर करता है या फिर अपनी रीति नीति को बदलकर मेला व्यापारियों को राहत प्रदान करता है।

मेला पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि ग्वालियर मेला की सोने जैसी कीमती जमीन को खुर्दबुर्द करने की गंभीर साजिश रची जा रही है। भारत मंडपम के नाम पर मेला की 25 एकड़ जमीन को ठिकाने लगाने की तैयारी है, यह पहले ही वर्चुअल बैठक के एजेंडा से जाहिर हो चुका है।

यह वक्तव्य जारी करने वालों में मेला के इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर के मुकेश अग्रवाल, चरणजीत नागपाल, ललित नागपाल, श्याम गुप्ता, झूला मनोरंजन सेक्टर के महेन्द्र भदकारिया, अचल भदकारिया, राजेंद्र सिंह भदौरिया, होटल हलवाई सेक्टर के अनिल पुनियानी, अनुज गुर्जर, सुरेश हिरयानी, अनिल शर्मा, संजू तोमर, पप्पू शिवहरे, रिजवान, सरस्वती शिवहरे आदि प्रमुख हैं।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 सितम्बर.** शासन प्रशासन द्वारा तमाम प्रयास किए जाने के बावजूद हिट एंड रन की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। इसी क्रम में तेज रफ्तार वाहन चालक रास्ते से गुजर रही बाइक को टक्कर मारता हुआ निकल गया, जिससे उस पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा आंतरी थाना क्षेत्र में स्थित हाईवे पर रात 1.30 बजे के लगभग हुआ। जिसमें पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर उसका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

डबरा के वार्ड क्रमांक- 15 में रहने वाला 22 वर्षीय आकाश बघेल पुत्र हरनाम बघेल विगत रात्रि 1.30 बजे के लगभग अपने साथी निर्मल बघेल (21) के साथ बाइक पर सवार होकर चीनोर थाना क्षेत्र में स्थित हाईवे से गुजर रहा था। इसी दौरान सरिया फैक्ट्री के सामने से गुजरते समय तेज रफ्तार में आ रहा वाहन का चालक लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मारता हुआ निकल गया। टक्कर लगते ही आकाश और निर्मल बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख जुटे अन्य राहगीरों से सूचना पाकर पुलिस जब तक मौके पर पहुंची, तब तक आकश की मौत हो चुकी थी। पुलिस द्वारा घायल निर्मल को उपचार के लिए तथा आकाश के शव को पीएम हेतु हॉस्पिटल पहुंचाया गया। तत्पश्चात पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### क्षत-विक्षत हुआ शव

मृतक आकाश के बड़े भाई संजय बघेल ने बताया कि हादसा कितना भयावह था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, कि आकाश का शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो चुका था। ऐसे में माना जा रहा है कि घटना के वक्त दोनों वाहन काफी हाईस्पीड में रहे होंगे। पुलिस द्वारा आरोपी का पता लगाने के लिए घटनास्थल व उसके इर्द-गिर्द लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए जा रहे हैं।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान गई जान

महाराजपुरा थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल युवक की बीती रात हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस द्वारा आरोपी कार चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। यहां बता दें कि लक्कड़खाना निवासी अंकुर विश्वकर्मा बीते शुक्रवार की शाम पांच बजे के लगभग बाइक से महाराजपुरा थाना क्षेत्र में भिंड रोड स्थित रामनगर गेट के सामने से निकल रहा था, इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रही कार क्रमांक एमपी 07 बीए 8777 के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अंकुर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई। हादसे में घायल युवक की मौत होने के बाद पुलिस ने शव का पीएम करवाकर आरोपी कार चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर हादसे के कारण का पता लगाने के लिए विवेचना शुरू कर दी है।

# जॉर्डन के राजदूत ने किया कृषि विवि का भ्रमण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 सितम्बर.** जॉर्डन के राजदूत यूसुफ अब्देलघानी ने आज राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का भ्रमण किया और माननीय कुलपति प्रो. अरविंद शुक्ला से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय की शोध एवं शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की। जॉर्डन के राजदूत सुबह साढ़े 11 बजे विश्वविद्यालय पहुँचे और डेढ़ घंटे दोपहर1 बजे तक परिसर में रुके तथा वहाँ चल रहे नवाचारों के बारे में सुक्ष्मता से जानकारी ली



राजदूत ने विश्वविद्यालय में नव निर्मित आलू एरोपोनिक यूनिट, बायोटेक्नोलॉजी सेंटर, आईएफएस मॉडल के तालाब और अन्य शोध इकाइयों का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों से प्रभावित होकर उन्होंने भविष्य में पुनः आने की इच्छा भी व्यक्त की।

भेंटवार्ता के दौरान राजदूत और कुलपति प्रो. शुक्ला के बीच मिलेट्स अनुसंधान, जैविक खाद, फॉस्फेटिक फर्टीलाइजर, ऑर्गेनिक फूड और ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। राजदूत ने विश्वविद्यालय के शोध कार्यों की जानकारी ली और शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में भारत-जॉर्डन के बीच सहयोग और अनुबंध की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। इसके अतिरिक्त, यह भी चर्चा हुई कि भविष्य में जॉर्डन के विद्यार्थी कृषि शिक्षा हेतु विश्वविद्यालय आकर मिलेट्स उत्पादन, जैविक खाद के उपयोग, फसलों पर हो रहे शोध कार्य और नवीन तकनीकों से लाभान्वित हो सकेंगे। भ्रमण के दौरान राजदूत ने ई-व्हीकल से पूरे परिसर का अवलोकन किया। कुलपति प्रो. शुक्ला ने उन्हें कुसुम फूल की पंखुड़ियों का पैकेट स्मृति-के रुप में भेंट किया।

# दीवार की ईंटें निकालकर लाखों के गहने व नगदी पार

**ग्वालियर 28 सितम्बर.** शहर में सक्रिय नकबजन दीवार की ईंटें निकालकर घर में दाखिल हुए और लाखों रुपए के सोने चांदी के गहने व नगदी पार कर ले गए। घटना पुरानी छावनी थाना इलाके की है। जिसकी सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा गृहस्वामी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस द्वारा घटनास्थल का मुआयना करने के उपरांत आरोपियों का पता लगाने के लिए घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए, तो उनमें तीन संदिग्ध युवक मकान में आते व जाते नजर आ रहे हैं। मामले में पुलिस ने गृहस्वामी की शिकायत पर तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# स्वदेशी भाषा, संस्कृति, पहनावा और रीति-रिवाजों से भी जुड़ा है : राजौरिया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 28 सितम्बर.** स्वदेशी शब्द सिर्फ उस वस्तु को नहीं दर्शाता जो देश में बनी हो, बल्कि यह हमारी भाषा, संस्कृति, पहनावा और रीति-रिवाजों से भी जुड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी ने मेक इन इंडिया, मेड इन इंडिया की नीतियों से स्वदेशी को बढ़ावा दिया है। यह बात आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की मंडल की कार्यशाला रविवार को जीवाजी क्लब में आयोजित भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने मुख्य वक्ता के रूप बोलते हुए कही।




भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि आत्मनिर्भर होने का अर्थ यह है कि हम देश में बनी चीजें खरीदें और निर्यात बढ़ाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे हर व्यक्ति के मन में स्वदेशी की मानसिकता विकसित करें।

इसी तारतम्य में गुप्तेश्वर मंडल में भारत संकल्प अभियान की मंडल की कार्यशाला में म.प्र. शासन के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत तब संभव है जब हम वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी को अपनाएं। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले भारत स्वदेशी के बल पर आत्मनिर्भर था, लेकिन बाद में हम दुनिया पर निर्भर होते चले गए। अब समय आ गया है कि हम जीएसटी जैसे सुधारों के आधार पर स्वदेशी को नई ताकत दें और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करें।

डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल में भारत संकल्प अभियान की मंडल की कार्यशाला में पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक नहीं, बल्कि इसमें देशभक्ति और आत्मसम्मान भी निहित है। आज के संदर्भों में इसकी नई परिभाषा तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत स्वदेशी के मंत्र पर चलते हुए रक्षा, अंतरिक्ष, तकनीक और कृषि सहित अनेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

भाजपा के भगतसिंह मंडल में भारत संकल्प अभियान की मंडल की कार्यशाला में पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि भारत को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाया जाए। कार्यकर्ताओं को हर नागरिक के मन में स्वदेशी उत्पाद खरीदने की मानसिकता जगानी होगी। वहीं उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों का वैश्विक निर्यात बढ़ाकर ही किसान एवं देश दोनों आत्मनिर्भर बन सकते हैं।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95